भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 4661
उत्तर देने की तारीख : 23.03.2020

गुणवत्तापूर्ण इंजीनियरिंग शिक्षा

4661. श्री खगेन मुर्मुः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में गुणवत्तापूर्ण इंजीनियरिंग शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है;
(ख) यदि हां, तो किन स्थानों और राज्यों में इन प्रौद्योगिकी संस्थानों को स्थापित करने का विचार है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग) : वर्तमान में, देश के विभिन्न भागों में 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कार्यरत हैं। नये आईआईटी की स्थापना मांग और सरकार के पास निधि की उपलब्धता पर निर्भर है।

*****